भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ईमेल: crpd@sbi.co.in)

# प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 के अंतर्गत प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण
## विज्ञापन क्रमांक: सीआरपीडी/एपीपीआर/2020-21/07
## आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण: 20/11/2020 से 10/12/2020 तक
## ऑनलाइन परीक्षा: संभावित रूप से जनवरी 2021 में

प्रशिक्षु अधिनियम 1961 (समय-समय पर यथा संशोधित) के तहत प्रशिक्षुओं के रूप में प्रशिक्षण हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

1. उम्मीदवार केवल एक राज्य में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं. इस प्रशिक्षण परियोजना के तहत उम्मीदवार केवल एक बार परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं.
2. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि को या उससे पहले कर दिया गया हो.
3. उम्मीदवारों से निम्नलिखित वेबसाइट https://nsdcindia.org/apprenticeship या https://apprenticeshipindia.org या http://bfsissc.com या https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/ careers पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया जाता है.
4. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई) बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.**
5. प्रशिक्षुओं की राज्यवार सीटें, राज्यवार स्थानीय भाषाएँ, जिलेवार प्रशिक्षण सीटें, आयु, शैक्षिक योग्यता, प्रशिक्षण की अवधि, प्रशिक्षण वृत्तिका (स्टाइपेंड), चयन प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र, शुल्क और अन्य संबंधित मानदंड नीचे दिए गए हैं:

**ए) स्थान, स्थानीय भाषा और प्रशिक्षण सीटों की संभावित संख्या:**

| राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | भाषा* | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | ईडब्ल्यूएस | यूआर | कुल | एलडी | वीआई | एचआई | डी और ई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | गुजराती | 33 | 72 | 129 | 48 | 198 | 480 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| आंध्र प्रदेश | तेलुगू/उर्दू | 99 | 43 | 167 | 62 | 249 | 620 | 7 | 6 | 6 | 6 |
| कर्नाटक | कन्नड | 96 | 42 | 162 | 60 | 240 | 600 | 6 | 6 | 6 | 6 |
| मध्य प्रदेश | हिन्दी | 64 | 86 | 64 | 43 | 173 | 430 | 5 | 5 | 4 | 4 |
| छत्तीसगढ़ | हिन्दी | 10 | 28 | 5 | 9 | 38 | 90 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | बंगाली/नेपाली | 110 | 24 | 105 | 48 | 193 | 480 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| ओड़िशा | ओडिया | 64 | 88 | 48 | 40 | 160 | 400 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| हिमाचल प्रदेश | हिन्दी | 32 | 5 | 26 | 13 | 54 | 130 | 2 | 2 | 1 | 1 |
| हरियाणा | हिन्दी/पंजाबी | 30 | 0 | 43 | 16 | 73 | 162 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| पंजाब | पंजाबी/हिन्दी | 75 | 0 | 54 | 26 | 105 | 260 | 3 | 3 | 2 | 2 |
| तमिलनाडु | तमिल | 89 | 4 | 126 | 47 | 204 | 470 | 5 | 5 | 4 | 4 |
| पॉन्डिचेरी | तमिल | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| दिल्ली | हिन्दी | 1 | 0 | 1 | 0 | 5 | 7 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| उत्तराखंड | हिन्दी | 48 | 8 | 34 | 26 | 153 | 269 | 3 | 3 | 3 | 2 |
| तेलंगाना | तेलुगू/उर्दू | 73 | 32 | 124 | 46 | 185 | 460 | 5 | 5 | 4 | 4 |
| राजस्थान | हिन्दी | 122 | 93 | 144 | 72 | 289 | 720 | 8 | 7 | 7 | 7 |
| केरल | मलयालम | 14 | 1 | 38 | 14 | 74 | 141 | 2 | 2 | 1 | 1 |
| उत्तर प्रदेश | हिन्दी/उर्दू | 253 | 12 | 325 | 120 | 496 | 1206 | 13 | 12 | 12 | 12 |
| महाराष्ट्र | मराठी | 64 | 57 | 173 | 64 | 286 | 644 | 7 | 7 | 6 | 6 |
| अरुणाचल प्रदेश | अंग्रेजी | 0 | 11 | 0 | 2 | 12 | 25 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| असम | आसामी/बंगाली/बोडो | 6 | 10 | 24 | 9 | 41 | 90 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| मणिपुर | मणिपुरी | 0 | 4 | 1 | 1 | 6 | 12 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| मेघालय | अंग्रेजी/गारो/खासी | 0 | 17 | 2 | 4 | 17 | 40 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| मिजोरम | मिजो | 0 | 8 | 0 | 1 | 9 | 18 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| नागालैंड | अंग्रेजी | 0 | 15 | 0 | 3 | 17 | 35 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| त्रिपुरा | बंगाली/कोकबोरोक | 5 | 9 | 0 | 3 | 13 | 30 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| बिहार | हिन्दी/उर्दू | 76 | 4 | 128 | 47 | 220 | 475 | 5 | 5 | 4 | 4 |
| झारखण्ड | हिन्दी/संथाली | 24 | 52 | 24 | 20 | 80 | 200 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| कुल | | 1388 | 725 | 1948 | 844 | 3595 | 8500 | 99 | 91 | 80 | 77 |

* उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय अपने चयनित राज्य की एक निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का चयन करना होगा.

** उपर्युक्त प्रशिक्षण सीटों की संख्या अस्थाई है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकती है.

**संकेताक्षरों का पूरा रूप है:** अ.जा. - अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. - अनुसूचित जनजाति, अ.पि.व. - अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; यूआर - अनारक्षित श्रेणी; एलडी - अस्थि कमजोर व्यक्ति; वीआई - दृष्टि बाधित, एचआई - श्रवण बाधित, डी और ई - में दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 (1) के खंड डी और ई में उल्लिखित पीडब्ल्यूडी शामिल हैं, अर्थात आटिज्म, विशिष्ट शिक्षण विकार, मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता शामिल है.

आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019-ईएसटीटी (आरईएस) दिनांकित 31.10.2019 द्वारा नियंत्रित है.

अस्वीकरण: ईडब्ल्यूएस ट्रेनिंग सीट संभावित हैं और भारत सरकार के आगे के निर्देशों और किसी भी मुकदमे के परिणामों के अधीन हैं. प्रशिक्षण अस्थाई है और उचित चैनलों के माध्यम से सत्यापित किए जाने वाले आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र के अधीन है.

ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने पर लिया जा सकता है.

सीटों की संख्या का जिलेवार ब्यौरा निम्नानुसार है, जहाँ प्रशिक्षण दिया जाएगा: (उम्मीदवारों को पंजीकरण के समय आवेदित राज्य के किन्हीं भी तीन पसंदीदा जिलों को चुनने का विकल्प दिया जाएगा. हालांकि, बैंक प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार चयनित राज्य के किसी भी जिले में प्रशिक्षण सीट आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.):

| राज्य | कुल सीट्स | जिलेवार प्रशिक्षण सीटें |
|---|---|---|
| गुजरात | 480 | अहमदाबाद – 21, अमरेली – 43, आनंद – 18, अरावली – 7, बनासकांठा – 27, बड़ौदा – 11, भरूच – 14, भावनगर – 36, बोटाड – 5, छोटा उदयपुर – 15, दाहोद – 4, डांग – 4, देवभूमि द्वारका – 10, गांधीनगर – 8, गिर सोमनाथ – 24, जामनगर – 14, जूनागढ़ – 39, खेड़ा – 19, कच्छ – 7, महिसागर – 1, मेहसाणा – 17, मोरबी – 19, नर्मदा – 5, नवसारी – 6, पंचमहल – 6, पाटन – 10, पोरबंदर – 9, राजकोट – 29, साबरकांठा – 11, सुरेंद्रनगर – 29, तापी – 4, वलसाड – 8. |
| आंध्र प्रदेश | 620 | श्रीकाकुलम – 33, विजयनगरम – 29, विशाखापट्टनम – 44, ईस्ट गोदावरी – 62, वेस्ट गोदावरी – 75, कृष्णा – 53, गुंटूर – 75, प्रकाशम – 47, नेल्लोर – 37, चित्तूर – 43, वाईएसआर कडप्पा – 51, अनंतपुर – 28 , कुर्नूल – 43. |
| कर्नाटक | 600 | बागलकोट – 22, बैंगलोर रूरल – 7, बैंगलोर अर्बन – 10, बेलगाम – 28, बेल्लारी – 30, बीदर – 27, बीजापुर – 14, चामराजनगर – 24, चिकमंगलूरु – 13, चिकबल्लापुर – 18, चित्रदुर्गा – 12, दक्षिण कन्नड़ – 21 , दावणगेरे – 21, धारवाड़ – 9, गदग – 10, गुलबर्गा – 26, हसन – 29, हावेरी – 13, कोडागु – 2, कोलार – 15, कोप्पल – 19, मंड्या – 34, मैसूर – 27, रायचूर – 26, रामनगरम – 12, शिमोगा – 20, तुमकुर – 64, उडुपी – 11, उत्तर कन्नडा – 18, यादगीर – 18. |
| मध्य प्रदेश | 430 | इंदौर – 11, खरगोन – 9, खंडवा – 10, धार – 11, झाबुआ – 3, बड़वानी – 11, मंदसौर – 12, नीमच – 9, रतलाम – 15, उज्जैन – 15, आगर – 5, देवास – 13, शाजापुर – 11, राजगढ़ – 16, गुना – 12, शिवपुरी – 12, अशोकनगर – 7, बैतूल – 12, हरदा – 5, छिंदवाड़ा – 11, होशंगाबाद – 10, भोपाल – 4, सीहोर – 14, विदिशा – 18, रायसेन – 19, ग्वालियर – 10, भिंड – 7, मुरैना – 12, दातिया – 7, पन्ना – 12, दामोह – 11, सतना – 7, छतरपुर – 8, सागर – 17, नरसिंहपुर – 11, मंडला – 5, बालाघाट – 8, जबलपुर – 16, सीधी – 3, रीवा – 7, सिंगरौली – 5, कटनी – 9. |
| छत्तीसगढ़ | 90 | बिलासपुर – 5, मुंगेली – 3, कबीरधाम (कवर्धा) – 3, जांजगीर–चांपा – 8, रायगढ़ – 8, जशपुर – 8, कोरबा – 8, दुर्ग – 2, रायपुर – 3, बलौदा बाजार – 10, गरियाबंद – 4, महासमुंद – 3, बेमेतरा – 5, राजनांदगांव – 8, बालोद – 3, धमतरी – 3, कांकेर – 6. |
| पश्चिम बंगाल | 480 | अलीपुरद्वार – 6, बांकुरा – 28, बीरभूम – 21, कूच बेहार – 11, दक्षिण दिनाजपुर – 13, दार्जिलिंग – 9, हुगली – 38, हावड़ा – 26, जलपाईगुड़ी – 6, झाड़ग्राम – 17, कालिम्पोंग – 4, मालदा – 24, मुर्शिदाबाद – 40, नादिया – 25, उत्तर 24 परगना – 24, पश्चिम बर्दवान – 4, पश्चिम मिदनापुर – 27, पूर्व बर्दवान – 51, पूर्व मिदनापुर – 27, पुरुलिया – 20, दक्षिण 24 परगना – 47, उत्तर दिनाजपुर – 12. |
| ओडिशा | 400 | अनुगुल – 8, बालासोर – 14, बरगढ़ – 22, भद्रक – 9, बलांगीर – 14, बौध – 8, कटक – 19, देवगढ़ – 4, ढेन्कानाल – 14, गजपति – 10, गंजाम – 27, जगतसिंहपुर – 8, जाजपुर – 13, झारसुगुड़ा – 6, कालाहांडी – 20, केंद्रपाड़ा – 16, क्योंझर – 14, खोर्धा – 7, कोरापुट – 9, मालकानगिरी – 7, मयूरभंज – 17, नवपारा – 9, नयागढ़ – 7, नवरंगपुर – 6, फूलबनी – 15, पुरी – 16, रायगढ़ा – 17, संबलपुर – 18, सोनपुर – 9, सुंदरगढ़ – 37. |
| हिमाचल प्रदेश | 130 | बिलासपुर – 10, चंबा – 10, हमीरपुर – 6, कांगड़ा – 9, किन्नौर – 10, कुल्लू – 12, लाहौल और स्पीति – 9, मंडी – 8, शिमला – 28, सिरमौर – 13, सोलन – 15. |
| हरियाणा | 162 | भिवानी – 5, चरखी दादरी – 2, फतेहाबाद – 17, हिसार – 16, जींद – 12, कैथल – 12, करनाल – 13, कुरुक्षेत्र – 7, पानीपत – 8, रोहतक – 8, सिरसा – 19, यमुना नगर – 11, फरीदाबाद – 2, गुड़गांव – 3, मेवात – 12, सोनीपत – 15. |
| पंजाब | 260 | अमृतसर – 7, बरनाला – 14, भटिंडा – 19, फरीदकोट – 9, फतेहगढ़ – 9, फाजिल्का – 1, फिरोजपुर – 11, गुरदासपुर – 10, होशियारपुर – 15,जुलुंदुर – 18, कपूरथला – 11, लुधियाना – 22, मनसा – 15, मोगा – 14, मोहाली – 1, मुक्तसर – 1, नवाशहर – 7, पठानकोट – 6, पटियाला – 18, रोपर – 5, संगरूर – 37, तरनतारन – 10. |
| तमिलनाडु | 470 | कांचीपुरम – 10, तिरुवन्नमलई – 16, तिरुवल्लूर – 3, कृष्णगिरी – 15, वेल्लूर – 21, विल्लुपुरम – 29, इरोड – 20, नामक्कल – 5, कोयम्बटूर – 16,नीलगिरी – 5, तिरुपुर – 20, धर्मपुरी – 12, सेलम – 24, अरियालुर – 14, कुड्डलोर – 14, पेरम्बलुर – 5, कराईकल – 2, नागपट्टिनम – 12,तिरुवारुर – 14, पुदुकोट्टई – 11, तंजावुर – 15, तिरुचिरापल्ली – 8, डिंडीगुल – 16, करूर – 11, मदुरई – 20, तेनी – 10, रामनाथपुरम – 16, शिवगंगा – 12, तुतुकुड़ी – 12, विरुधुनगर – 9, कन्याकुमारी – 49, तिरुनेलवेली – 24. |
| पुडुचेरी | 6 | पुडुचेरी – 6 |
| दिल्ली | 7 | नॉर्थ ईस्ट दिल्ली – 1, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली – 2, साउथ दिल्ली – 1, साउथ वेस्ट दिल्ली – 3 |
| उत्तराखंड | 269 | अल्मोड़ा – 36, बागेश्वर – 11, चमोली – 16, चंपावत – 11, देहरादून – 24, गढ़वाल – 36, हरिद्वार – 18, नैनीताल – 15, पिथौरागढ़ – 29, रुद्रप्रयाग – 16, टिहरी गढ़वाल – 27, उधम सिंह नगर – 20, उत्तर काशी – 10. |
| तेलंगाना | 460 | आदिलाबाद – 10, भद्राद्री कोठागुडेम – 21, जगतियाल – 9, जनगांव – 10, जयशंकर – 12, जोगुलम्बा – 9, कामारेड्डी – 16, करीमनगर – 14, खम्मम – 24, कोमारामभीम – 7, महाबूबाबाद – 12, महबूबनगर – 33, मलकजगिरी – 5, मंचेरियल – 8, मेदक – 14, नागरकुर्नूल – 15, नालगोंडा – 22, निर्मल – 11, निजामाबाद – 39, पेद्दापल्ली – 10, रंगारेड्डी – 22, संगारेड्डी – 20, सिद्दीपेट – 17, सिरसिला – 6, सूर्यापेट – 28, विकाराबाद – 23, वानापर्थी – 12, वारंगल – 4, वारंगल आर – 11, यदाद्री भोंगीर – 16. |
| राजस्थान | 720 | अजमेर – 23, अलवर – 31, बन्सवाड़ा – 11, बारां – 18, बाड़मेर – 37, भरतपुर – 18, भीलवाड़ा – 16, बीकानेर – 58, बूंदी – 13, चित्तौड़गढ़ – 10, चूरू – 23, दौसा – 16, धौलपुर – 10, डूंगरपुर – 6, गंगानगर – 45, हनुमानगढ़ – 45, जयपुर – 50, जैसलमेर – 20, जालोर – 23, झालावाड़ – 12, झुंझुनू – 16, जोधपुर – 31, करौली – 7, कोटा – 12, नागौर – 37, पाली – 21, प्रतापगढ़ – 5, राजसमंद – 15, सवाई माधोपुर – 13, सीकर – 19, सिरोही – 18, टोंक – 14, उदयपुर – 27. |

| राज्य | कुल सीट्स | जिलेवार प्रशिक्षण सीटें |
|---|---|---|
| **केरल** | 141 | पलक्कड़ – 14, त्रिवेंद्रम – 4, कन्नूर – 8, मलप्पुरम – 20, कोझीकोड – 10, कासरगोड – 9, एर्नाकुलम – 13, कोट्टायम – 10, त्रिशूर – 28, वायनाड़ – 4, इडुक्की – 11, पतनमतिट्टा – 3, अलापुजा – 3, कोल्लम –4. |
| **उत्तर प्रदेश** | 1206 | बिजनौर – 30, ज्योतिबा फुले नगर – 7, मुरादाबाद – 20, भीमनगर – 10, रामपुर – 15, शाहजहांपुर – 25, पीलभीत – 17, बरेली – 29, बदायू – 29, बलरामपुर – 10, श्रावस्ती – 1, गोन्दा – 24, बस्ती – 27, लखीमपुर खेरी – 24, बहराइच – 12, इटावा – 29, औराया – 4, जालौन – 8, ललितपुर – 7, झांसी – 16, फरुखाबाद – 8, हरदोई – 24, कन्नौज – 7, महोबा – 5, हमीरपुर – 8, बांदा – 5, चित्रकूट – 5, फतेहपुर – 12, कौशाम्बी – 18, अमेठी – 17, रायबरेली – 22, कानपुर – 8, कानपुर देहात – 22, उन्नाव – 14, सीतापुर – 14, लखनऊ – 7, फैजाबाद – 12, बाराबन्की – 12, गोरखपुर – 24, सिद्धार्थ नगर – 34, महाराजगंज – 27, देवरिया – 8, कुशीनगर – 16, बलिया – 16, मऊ – 9, संत कबीरदास नगर – 17, अंबेडकर नगर – 9, प्रतापगढ़ – 28, इलाहाबाद – 28, जौनपुर – 22, सुल्तानपुर – 13, सोनभद्र – 10, चंदौली – 10, मिर्जापुर – 12, वाराणसी – 10, गाजीपुर – 13, संत रविदास नगर – 7, आजमगढ़ – 22, आगरा – 22, अलीगढ़ – 14, बागपत – 13, बुलंदशहर – 29, इटा – 17, फिरोजाबाद – 11, गौतम बुद्ध नगर – 3, गाजियाबाद – 8, हाथरस – 18, कांशीराम नगर – 15, मैनपुरी – 17, मथुरा – 33, मेरठ – 21, मुजफ्फरनगर – 33, प्रभुध नगर – 15, सहारनपुर – 38. |
| **महाराष्ट्र** | 644 | अहमदनगर – 32, अकोला – 18, अमरावती – 30, औरंगाबाद – 30, बीड – 32, भंडारा – 9, बुलढाणा – 38, चंद्रपुर – 12, धुले – 17, गढ़चिरौली – 5, गोंदिया – 6, हिंगोली – 19, जलगाँव – 27, जालना – 17, कोल्हापुर – 17, लातूर – 23, नागपुर – 12, नांदेड़ – 38, नंदुरबार – 9, नासिक – 23, उस्मानाबाद – 22, परभणी – 22, पुणे – 12, रत्नागिरी – 12, सांगली – 17 सातारा – 20, सिंधुदुर्ग – 18, सोलापुर – 22, वर्धा – 21, वाशिम – 11, यवतमाल – 27, मुंबई मेट्रो – 26. |
| **अरुणाचल प्रदेश** | 25 | अंजाव – 1, चेंगलॉन्ग – 1, दिबांग घाटी – 0, ईस्ट कामेंग – 2, ईस्ट सियांग – 1, कमले – 0, क्रा ददी – 0, कुरुंग कुमेय – 0, लेपा रद्दा – 1, लोहित – 1, लोंगडिंग – 1, लोअर दिबांग वैली – 1, लोअर सियांग – 2, लोअर सुबानसिरी – 1, नमसाई – 2, पक्के–केसांग – 0, पापुम पारे – 0, शि–योमि – 1, सियांग – 1, तवांग – 1, तिरप – 2, अप्पर सियांग – 1, अप्पर सुबनसिरी – 2, वेस्ट कामेंग – 1, वेस्ट सियांग – 2. |
| **असम** | 90 | बारपेटा – 5, बोंगाईगाँव – 5, कच्छर – 4, दारांग – 4, धेमाजी – 4, धुबरी – 5, डिब्रूगढ़ – 4, गोवालपारा – 4, गोलाघाट – 2, हिराकंडी – 4, जोरहाट – 3, कामरूप – 0, कामरूप रूरल – 4, कार्बी आंगलोंग – 4, करीमगंज – 3, कोकराझार – 5, लखीमपुर – 4, मारिगांव – 3, नगांव – 5, नलबाड़ी – 5, नॉर्थ कच्छर हिल्स – 4, सिबसागर – 3, सोनितपुर – 3, तिनसुकिया – 3. |
| **मणिपुर** | 12 | बिष्णुपुर – 1, चंदेल – 1, चुरचंदपुर – 1, इम्फाल ईस्ट – 0, इम्फाल वेस्ट – 0, जिरिबम – 1, काचिंग – 1, कामजोंग – 1, कांगपोकपी – 1, नोने – 1, फेरजवाल – 1, सेनापति – 0, तमेंगलोंग – 1, टेंग्नौपाल – 1, थोवल – 0, उखरुल – 1. |
| **मेघालय** | 40 | ईस्ट गारो हिल्स – 4, ईस्ट जैंतिया हिल्स – 1, ईस्ट खासी हिल्स – 4, नॉर्थ गारो हिल्स – 4, री भोई – 5, साउथ गारो हिल्स – 2, साउथ वेस्ट गारो हिल्स – 4, साउथ वेस्ट खासी हिल्स – 2, वेस्ट गारो हिल्स – 10, वेस्ट जयंतिया हिल्स – 3, वेस्ट खासी हिल्स – 1. |
| **मिजोराम** | 18 | ऐज़वाल – 0, चम्फाई – 2, कोलासिब – 3, लॉन्गतलाई – 2, लुंगलेई – 3, ममित – 3, सैह – 2, सेरछिप – 3. |
| **नागालैंड** | 35 | दीमापुर – 3, कैफाहर – 3, कोहिमा – 3, लोंगलेंग – 1, मोकोकचुंग – 4, मोन – 4, पेरेन – 3, फेक – 3, तुएनसांग – 5, वोखा – 3, जुनेबोटो – 3. |
| **त्रिपुरा** | 30 | धलाई – 4, गोमती – 4, खोवाई – 2, नॉर्थ त्रिपुरा – 6, सेपाहीजाला – 4, साउथ त्रिपुरा – 6, उनाकोटि – 4, पश्चिम त्रिपुरा – 0. |
| **बिहार** | 475 | अररिया – 9, अरवल – 4, औरंगाबाद – 12, बांका – 12, बेगूसराय – 6, भभुआ – 15, भागलपुर – 13, भोजपुर – 11, बक्सर – 4, दरभंगा – 18, पूर्वी चंपारण – 31, गया – 20, गोपालगंज – 14, जमुई – 10, जहानाबाद – 10, कटिहार – 13, खगड़िया – 5, किशनगंज – 9, लखीसराय – 4, मधेपुरा – 23, मधुबनी – 12, मुंगेर – 7, मुजफ्फरपुर – 17, नालंदा – 7, नवादा – 0 , पटना – 34, पूर्णिया – 29, रोहतास – 13, सहरसा – 17, समस्तीपुर – 15, सारन – 15, शेखपुरा – 4, शिवहर – 3, सीतामढ़ी – 12, सीवान – 10, सुपौल – 13, वैशाली – 10, पश्चिम चंपारण – 14. |
| **झारखंड** | 200 | बोकारो – 6, चतरा – 12, देवघर – 16, धनबाद – 3, दुमका – 29, गढ़वा – 5, गिरिडीह –10, गोड्डा – 32, गुमला – 0, हजारीबाग – 13, जामताड़ा – 13, खुंटी – 0, कोडरमा – 6, लातेहार – 13, लोहरदगा – 0, पाकुड़ – 15, पलामू – 11, पश्चिमी सिंहभूम – 0, पूर्वी सिंहभूम – 0, रामगढ़ – 0, रांची – 0, साहिबगंज – 16, सराइकेला – 0, सिमडेगा – 0. |

**बी) आयु:**

31.10.2020 को न्यूनतम 20 वर्ष और अधिकतम 28 वर्ष अर्थात् उम्मीदवारों का जन्म 01.11.1992 के बाद और 31/10/2000 के पहले (दोनों दिनों सहित) होना चाहिए. इंगित अधिकतम आयु अनारक्षित और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए है. एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट लागू है.

**सी) शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षण:**

विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण समग्र रिक्तियों के अंतर्गत है. विकलांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 के अनुसार बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों को आरक्षण प्रदान किया गया है. यह पद आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की अनुसूची में यथा परिभाषित मानदण्ड विकलांगता की निम्न श्रेणियों वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त अभिनिर्धारित किया गया है:

चलन संबंधी विकलांगता (एलडी), दृष्टिबाधित (वीआई), श्रवण बाधित (एचआई) और अन्य पीडब्ल्यूडी की 'डी' और 'ई' श्रेणियाँ: विशिष्ट अधिगम विकलांगता (एसएलडी), मानसिक रूग्णता (एमआई), ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) और एकाधिक विकलांगताओं का आशय एलडी, वीआई, एचआई, एसएलडी, एमआई और एएसडी में कई विकलांगताओं से है.

**ध्यान दें:** जहां निर्दिष्ट विकलांगता की परिभाषा मापने योग्य शब्दों में न दी गई हो, वहां निर्दिष्ट 40% विकलांगता के साथ केवल ''बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति'' आरक्षण के लिए पात्र होंगे और इसमें प्रमाणित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित मापने योग्य शब्दों में परिभाषित निर्दिष्ट विकलांगता वाला व्यक्ति भी शामिल है.

जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ लेना चाहता है, उसे आवेदन में निवास के प्रमाण पत्र में यथा उल्लेखित आवेदक के निवास के जिले के चिकित्सा प्राधिकारी या किसी अन्य अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी (प्रमाणनकर्ता प्राधिकारी) द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप पर, नवीनतम विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि से पहले या उस पर प्रमाण पत्र दिनांकित होना चाहिए.

**लेखक का उपयोग और प्रतिपूरक समय:**

40% या उससे अधिक की विकलांगता वाले व्यक्ति को लेखक की सुविधा दी जाएगी, यदि उस व्यक्ति द्वारा ऐसी माँग की जाती है और केवल उन्हीं विकलांग व्यक्तियों के लिए है, जिनकी गति की सीमा सहित लिखने की शारीरिक सीमा है. ऐसे सभी मामलों में जिसमें लेखक का उपयोग किया जाएगा, निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

- पात्र उम्मीदवार और जो परीक्षा में लेखक की सेवाओं का उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र में सावधानीपूर्वक इसे इंगित करना चाहिए.
- उम्मीदवार और लेखक दोनों को ऑनलाइन परीक्षा के समय लेखक की पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ निर्धारित प्रारूप में उपयुक्त वचन देना होगा.
- लेखक का उपयोग करने के लिए पात्र उम्मीदवार परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के पात्र होंगे, चाहे लेखक की सुविधा का लाभ ले रहे हों या नहीं.
- उम्मीदवार को अपनी लागत पर अपने स्वयं के लेखक की व्यवस्था करनी होगी.
- जैसा कि ऊपर संदर्भित किया गया है, दिशा–निर्देशों के अनुसार लेखक का उपयोग करने के लिए पात्र नहीं होने वाले किसी भी उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन परीक्षा में लेखक का उपयोग करने पर, उसे प्रशिक्षु की प्रशिक्षण की प्रक्रिया में आगे भाग लेने के लिए अपात्र कर दिया जाएगा.
- लेखक का उपयोग कर रहे किसी भी उम्मीदवार को सुनिश्चित करना होगा कि वह उपर्युक्त दिशानिर्देशों के अनुसार परीक्षा में लेखक का उपयोग करने के लिए पात्र है.
- उपर्युक्त दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करते हुए लेखक का उपयोग करने वाला कोई भी उम्मीदवार अपात्र हो जाएगा और उसे बिना किसी सूचना के प्रशिक्षुता से हटाया जा सकता है, यदि पहले से ही बैंक में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण ले रहा है/लिया है.
- जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार लेखक का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, देखें, विकलांगता मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का कार्यालय ज्ञापन एफ. सं.16-110/2003–डीडीआईआईआई, दिनांकित 26 फरवरी, 2013 और वित्तीय सेवाओं का विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी स्पष्टीकरण, देखें, पत्र क्रमांक एफ.सं. 3/2/2013–कल्याण दिनांकित 26/04/2013.

**डी) 31.10.2020 को शैक्षणिक योग्यता:**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक

**ई) प्रशिक्षण की अवधि:**

केवल तीन वर्ष. चयनित प्रशिक्षुओं को बैंक में 3 वर्षों की अप्रेंटिसशिप के दौरान आईआईबीएफ (जेएआईआईबी/सीएआईआईबी) की परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त करने के लिए इच्छुक होना चाहिए.

**एफ) वृत्तिका/लाभ:**

प्रशिक्षु पहले वर्ष के दौरान 15000 रुपये प्रति माह, दूसरे वर्ष के दौरान 16500 रुपये प्रति माह और तीसरे वर्ष के दौरान 19000 रुपये प्रति माह की वृत्तिका के लिए पात्र हैं. **प्रशिक्षु किसी अन्य भत्ते/लाभ के लिए पात्र नहीं हैं.**

**जी) चयन प्रक्रिया:**

प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण के लिए चयन (i) ऑनलाइन लिखित परीक्षा और (ii) स्थानीय भाषा की परीक्षा के आधार पर होगा.

**i. ऑनलाइन लिखित परीक्षा:**

ऑनलाइन लिखित परीक्षा (ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ प्रकार) की संरचना इस प्रकार होगी.

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य/वित्तीय जागरूकता | 25 | 25 | **15 मिनट** |
| 2. | सामान्य अंग्रेजी | 25 | 25 | **15 मिनट** |
| 3. | परिमाणात्मक अभिवृत्ति | 25 | 25 | **15 मिनट** |
| 4. | तर्कशक्ति क्षमता एवं कंप्यूटर अभिवृत्ति | 25 | 25 | **15 मिनट** |
| | **कुल** | **100** | **100** | **1 घंटा** |

जैसा कि ऊपर बताया गया है, प्रत्येक परीक्षा के लिए पृथक समय होगा.

सामान्य अंग्रेजी की परीक्षा को छोड़कर प्रश्न, द्विभाषी, अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में होंगे. वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक होंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए आवंटित अंक का 1/4 काटा जाएगा.

उम्मीदवारों को कुल अंकों में से न्यूनतम प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है (एससी/एसटी/ओबीसी/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 5% की छूट है). कुल अंक में से न्यूनतम योग्यता अंक बैंक द्वारा तय किया जाएगा. अलग–अलग विषयों के लिए न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित नहीं हैं. मेरिट लिस्ट राज्यवार और श्रेणीवार निकाली जाएगी. परीक्षण में योग्य उम्मीदवारों को संबंधित राज्यों और श्रेणी में अवरोही क्रम में उनके कुल अंकों के अनुसार रखा जाएगा. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होते हैं जो कि मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे उम्मीदवारों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.

**ध्यान दें:** परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी 'अपने आपको परिचित बनाएँ' पुस्तिका में दी जाएगी, जो परीक्षा के लिए आमंत्रण पत्र के साथ पात्र उम्मीदवारों को डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी.

**ऑनलाइन परीक्षा जनवरी 2021 में (संभावित) आयोजित की जाएगी. परीक्षा केंद्रों की सूची निम्नानुसार है:**

| राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | परीक्षा केंद्र | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | परीक्षा केंद्र |
|---|---|---|---|
| **अण्डमान और निकोबार** | पोर्ट ब्लेयर | **मणिपुर** | इम्फाल |
| **आंध्र प्रदेश** | चिराला, गुंटुर, कडप्पा, काकीनाडा, कुर्नुल, नेल्लोर, राजमुंद्री, श्रीकाकुलम, तिरूपति, विजयवाडा, विशाखापट्नम, विजियनगरम | **मेघालय** | शिलांग |
| **अरुणाचल प्रदेश** | नाहरलगुन | **मिज़ोरम** | आइजवाल |
| **असम** | डिबरूगढ़, गुवाहाटी, जोराहट, सिलचर, तेजपुर | **नागालैंड** | कोहिमा |
| **बिहार** | आरा, औरंगाबाद (बिहार), भागलपुर, दरभंगा, गया, मुज़फ्फरपुर, पटना, पुर्णिया | **दिल्ली – एनसीआर** | दिल्ली एनसीआर (सभी एनसीआर शहर) |
| **चंडीगढ़** | चंडीगढ़ – मोहाली | **ओडिशा** | बालासोर, बरहमपुर (गंजम), भुवनेश्वर, कटक, देन्कानाल, राऊरकेला, संबलपुर |
| **छत्तीसगढ़** | भिलाई नगर, बिलासपुर, रायपुर | **पुडुचेरी** | पुडुचेरी |

| राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | परीक्षा केंद्र | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | परीक्षा केंद्र |
|---|---|---|---|
| **गोवा** | पणजी | **पंजाब** | अमृतसर, भटिण्डा, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पठाणकोट, पटियाला, संगरुर |
| **गुजरात** | अहमदाबाद – गांधीनगर, आणंद, जामनगर, मेहसाणा, राजकोट, सुरत, वडोदरा | **राजस्थान** | अजमेर, अलवर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर |
| **हरियाणा** | अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, यमुनानगर | **सिक्किम** | बर्दांग – गंगटोक |
| **हिमाचल प्रदेश** | बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन, ऊना | **तमिलनाडु** | चेन्नई, कोयम्बतूर, ईरोड, मदुराई, नागरकोईल, सालेम, तंजावुर, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेल्ली, वेल्लोर, विरुदुनगर |
| **जम्मू और कश्मीर** | जम्मू, सांबा, श्रीनगर | **तेलंगाना** | हैदराबाद, करीमनगर, खम्माम, वारंगल |
| **झारखंड** | बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची | **त्रिपुरा** | अगरतला |
| **कर्नाटक** | बेंगलुरू, बेलगाम, दावांगेरे, गुलबर्गा, हासन, हुबली – धारवाड, मंड्या, मंगलोर, मैसूर, शिमोगा, उडिपी | **उत्तर प्रदेश** | आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज (इलाहाबाद), बरेली, फैजाबाद, गाजियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुझफ्फरनगर, नोएडा/ग्रेटर नोएडा, वाराणसी |
| **केरल** | अलप्पुझा, कन्नुर, कोचि, कोल्लाम, कोट्टायम, कोझिकोडे, मलप्पुरम, पालक्कड, तिरुवनंतपुरम, त्रिचुर | **उत्तराखंड** | देहरादून, हल्दवानी, रुड़की |
| **लक्षद्वीप** | कवराती | **पश्चिम बंगाल** | आसनसोल, दुर्गापुर, ग्रेटर कोलकाता, हुगली, कल्याणी, सिलिगुडी |
| **मध्य प्रदेश** | भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना, उज्जैन | **लदाख** | लेह |
| **महाराष्ट्र** | अमरावती, औरंगाबाद (महाराष्ट्र), चंद्रपुर, धुले, जलगांव, कोल्हापुर, लातूर, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई, नागपुर, नांदेड, नासिक, पुने, सोलापुर | **दादरा एंड नगर हवेली एंड दमन एंड दिव** | दमन |

- उम्मीदवार को उस केंद्र का नाम चुनना चाहिए जहां वह परीक्षा देना चाहता/चाहती है. हालांकि, एसबीआई के पास, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर किसी भी परीक्षा केंद्र को निरस्त करने और/या अपने विवेकाधिकार से कुछ अन्य केंद्र जोड़ने का अधिकार सुरक्षित है. एसबीआई के पास उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र से भिन्न कोई भी अन्य केंद्र आवंटित करने का भी अधिकार सुरक्षित है.

  **परीक्षा केंद्र में बदलाव का कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा.**
- उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्च पर आवंटित केंद्र पर परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और एसबीआई किसी भी प्रकार की चोट या हानियों आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
- परीक्षा हॉल में किसी भी उच्छृंखल व्यवहार/दुर्व्यवहार का परिणाम अभ्यर्थिता का निरसन और एसबीआई द्वारा आयोजित की जाने वाली भविष्य की परीक्षा के लिए अपात्रता हो सकता है.
- चयन के लिए अनंतिम रूप से अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के परिणाम बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे.

**ii. स्थानीय भाषा की परीक्षा:**

राज्यों की विनिर्दिष्ट स्थानीय भाषाओं का विज्ञापन के पैरा ए उल्लेख में किया गया है. किसी विशेष राज्य की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापन के पैरा ए में उल्लिखित उस राज्य की विनिर्दिष्ट स्थानीय भाषा में दक्ष (पढ़ना, लिखना, बोलना और समझना) होना चाहिए. निर्दिष्ट स्थानीय भाषा के ज्ञान की परीक्षा चयन प्रक्रिया के भाग के रूप में आयोजित की जाएगी. ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद यह परीक्षा आयोजित की जाएगी. जो उम्मीदवार इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में विफल रहेंगे, उन्हें प्रशिक्षु नहीं नियुक्त किया जाएगा. निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का अध्ययन करने का साक्ष्य देने वाला 10वीं या 12वीं कक्षा का अंकपत्र/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के लिए भाषा की परीक्षा आवश्यक नहीं होगी. उम्मीदवारों को अपने स्वयं के खर्च पर, आवेदन किए गए राज्य के किसी केंद्र (बैंक द्वारा तय किया जाएगा) पर निर्दिष्ट स्थानीय भाषा की परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा.

**iii. चिकित्सा जांच:**

चयनित प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है.

अंतिम चयन के निम्नलिखित के अधीन किया जाएगा:

क) पद के लिए पात्रता और ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के सत्यापन.

ख) ऊपर वर्णित रूप में विनिर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा, जहां लागू हो, की परीक्षा में योग्यता.

ग) चिकित्सा परीक्षा में फिट घोषित.

**एच. प्रतीक्षा सूची:**

प्रतीक्षा सूची (राज्य श्रेणीवार) प्रशिक्षु की परिक्षा के परिणाम की तारीख से एक वर्ष या अगली प्रशिक्षण प्रक्रिया, जो भी पहले हो, के लिए रखी जाएगी. योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के लिए कार्यग्रहण न करने वाले प्रशिक्षुओं के समक्ष इस प्रतीक्षा सूची से केवल एक बार उम्मीदवारों के नाम जारी किया जाएगा.

**आई. भूमिकाएँ/जिम्मेदारियाँ:**

प्रशिक्षु. यह बैंक में रोजगार नहीं है.

**जे. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभारः (वापस न करने योग्य):**

| **श्रेणी** | **शुल्क और सूचना प्रभार** |
|---|---|
| **सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्युएस** | ₹ 300/- |
| **अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी** | **शुन्य** |

शुल्क/सूचना प्रभार भुगतान करने पर न तो उसे वापस किया जाएगा और न ही उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर रखा जाएगा.

के) सामान्य सूचना:

i) उम्मीदवारों को इससे पहले एसबीआई में या किसी अन्य संगठन में प्रशिक्षु नहीं रहा होना चाहिए या प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण नहीं लिया होना चाहिए.

ii) जिन उम्मीदवारों के पास शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद एक वर्ष या उससे अधिक अवधि का प्रशिक्षण या काम का अनुभव रहा है, प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण किए जाने के लिए **पात्र नहीं होंगे.**

iii) **एसबीआई को प्रशिक्षुता अवधि के दौरान और/या के समापन के बाद प्रशिक्षुओं को नियमित रोजगार देने की कोई बाध्यता नहीं होगी. प्रशिक्षुता अवधि पूरी होने के बाद, उम्मीदवारों को संबंधित कार्य क्षेत्र से मुक्त कर दिया जाएगा.**

iv) पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि, आंशिक या पूर्ण रूप से चयन प्रक्रिया निरस्त करने से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा. सीटें भरना पूरी तरह से उम्मीदवारों की उपयुक्तता के आधार पर बैंक का विवेकाधिकार है और यदि इनमें से कुछ सीटें उम्मीदवारों की अनुपयुक्तता/अपर्याप्त संख्या के कारण नहीं भरी हैं तो प्रशिक्षण के लिए कोई दावा नहीं उत्पन्न होगा.

v) अपूर्ण ऑनलाइन आवेदन को पात्र नहीं माना जाएगा और अस्वीकृत माना जाएगा.

vi) उम्मीदवारों को प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के लिए अपनी पात्रता के बारे में अपने आपको संतुष्ट कर लेना चाहिए. बैंक द्वारा ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर प्रशिक्षु के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए प्रवेश दिया जाएगा और दस्तावेज के सत्यापन के समय ही उनकी पात्रता का निर्धारण किया जाएगा. परीक्षाओं में प्रवेश दस्तावेजों के संदर्भ में उम्मीदवारों की आयु/योग्यता/श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी) आदि के सत्यापन के बिना विशुद्ध रूप से अनंतिम होगा.

vii) उम्मीदवारों को उनके अपने स्वयं के हित में अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करने और कनेक्शन कटने की संभावना/इंटरनेट पर भारी लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में अक्षमता/विफलता से बचने के लिए अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा न करने की सलाह दी जाती है.

viii) पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले उम्मीदवारों के प्रति एसबीआई कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.

ix) एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन नहीं प्रस्तुत किया जाना चाहिए. एकाधिक आवेदनों की स्थिति में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त हो जाएंगे. परीक्षा में उम्मीदवार द्वारा एकाधिक उपस्थिति/हाजिरी को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा/उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

x) परीक्षा के आयोजन में कोविड–19 या अन्य वजह से कुछ समस्याएँ खड़ी होने की संभावना को पूरी तरह से इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा परिणाम पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, इस तरह की समस्या को सुधारने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन शामिल है.

xi) उम्मीदवारों को आवेदन जमा करने के बाद अपने सिस्टम से उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने सलाह दी जाती है.

xii) माँगे जाने पर एससी/एसटी उम्मीदवारों को सूचीबद्धता के समय भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा.

xiii) ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रारूप में यह घोषणा करने वाला घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा कि पंजीकरण की अंतिम तिथि को वह क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है. 01/04/2020 से, उपयुक्त पाए जाने पर, प्रशिक्षु के रूप में सूचीबद्धता की तिथि के दौरान जारी किया गया 'गैर–क्रीमी लेयर' क्लाज ओबीसी प्रमाणपत्र सूचीबद्धता के समय जमा करना होगा.

xiv) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 'आय और परिसंपत्ति प्रमाण पत्र' प्रस्तुत करके आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ लिया जा सकता है.

xv) पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में विकलांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

xvi) उम्मीदवारों को सूचना अर्थात काल लेटर/सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपना पंजीकृत ई–मेल आईडी/मोबाइल सक्रिय रखने की सलाह दी जाती है.

xvii) चयनित उम्मीदवारों का इंगेजमेंट बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित होने के अधीन है और इस तरह का इंगेजमेंट बैंक के सभी प्रासंगिक नियमों/नीतियों/दिशानिर्देशों के अधीन होगी.

xviii) इस विज्ञापन और/या इसकी अनुक्रिया में आवेदन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में की जा सकती है और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों को ऐसे वाद/विवाद निपटाने का एक मात्र तथा विशेष क्षेत्राधिकार रहेगा.

xix) उम्मीदवारों को अपने खर्च पर परीक्षाओं के लिए उपस्थित होना होगा.

xx) चयनित प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण बैंक की केवाईई औपचारिकताओं को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के अधीन है.

xxi) आवेदन के अंतिम रूप से ऑनलाइन जमा करने के बाद डेटा में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं है**.**

xxii) **सभी उम्मीदवारों (सिवाय उत्तर पूर्वी राज्यों से संबंधित उम्मीदवारों के, जहाँ वैकल्पिक पहचान पत्र से काम चलेगा) को इंगेजमेंट से पहले अर्थात प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले आधार संख्या प्रस्तुत करना होगा.**

xxiii) **बैंक किसी भी चरण पर समस्त चयन प्रक्रिया निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

एल) आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और किसी अन्य स्वरूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**क) आवेदन और शुल्क (फीस) का भुगतान के लिए दिशानिर्देश (केवल ऑनलाइन):**

उम्मीदवारों को निम्नलिखित वेबसाइटों **https://nsdcindia.org/apprenticeship** या **https://apprenticeshipindia.org** या **http://bfsissc.com** या **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers – Engagement of Apprentices in SBI** के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा.

**सहायता केंद्र:** फॉर्म भरने में किसी भी समस्या की स्थिति में, टेलीफोन नंबर 022-22820427 पर पूछताछ की जा सकती है (कार्यदिवस पर पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे के बीच) या http://cgrs.ibps.in पर अपनी पूछताछ दर्ज करवाई जा सकती है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ईमेल के विषय में 'एसबीआई में प्रशिक्षु का इंगेजमेंट' का उल्लेख करना न भूलें.

**ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पूर्वापेक्षाएँ:** उम्मीदवारों के पास वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए. जिसे परिणामों की घोषणा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. इससे उन्हें ईमेल/एसएमएस द्वारा आमंत्रण पत्र/सूचना आदि प्राप्त करने में सहायता मिलेगी.

i) जैसा कि फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेजों स्कैन करने के लिए दिशानिर्देशों के अंतर्गत विस्तृत विवरण दिया गया है, उम्मीदवारों को सर्वप्रथम फोटो, हस्ताक्षर और दस्तावेजों स्कैन करना चाहिए (अनुलग्नक**–I).**

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर जाकर देखें और 'वर्तमान अवसरों (करन्ट ओपनिंग्स)' में उपलब्ध उचित ऑनलाइन आवेदन पत्र खोलें.

iii) आवेदन ध्यान से भरें. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवारों को डेटा प्रस्तुत करना चाहिए. यदि उम्मीदवार एक बार में डेटा नहीं भर पाते हैं, तो पहले ही प्रविष्ट किए जा चुके डेटा को सुरक्षित कर सकते हैं. डेटा सुरक्षित होने पर सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड दिया जाएगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा. उम्मीदवारों को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को लिख लेना चाहिए. आवश्यकता होने पर, पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सहेजे गए डेटा को फिर से खोला जा सकता है और विवरण को संपादित किया जा सकता है. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवारों को डेटा जमा करना चाहिए. इसके बाद, पंजीकरण अंतिम होगा और किसी भी डेटा को बदलने/संपादित करने की अनुमति नहीं होगी. इस स्तर पर पंजीकरण अनन्तिम है.

iv) आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन–पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेट वे के माध्यम से भुगतान करना होगा.

v) शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग से स्क्रीन पर पूछी गई जानकारी प्रस्तुत करने के बाद किया जा सकता है. ऑन लाइन भुगतान के लिए यदि कोई लेनदेन शुल्क हो, तो वह उम्मीदवार को अदा करना होगा.

vi) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रेकार्ड हेतु ले लें. आवेदन का प्रिंटआउट एसबीआई को न भेजें.

vii) यदि ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपने आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

**ख) फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अनुलग्नक–I में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उम्मीदवारों को अपनी फोटो और हस्ताक्षर स्कैन (डिजिटल) करने की आवश्यकता होगी. जैसा कि निर्दिष्ट किया गया है, उम्मीदवार द्वारा फोटो और हस्ताक्षर अपलोड नहीं करने तक ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं किया जाएगा.

**ध्यान दें:**

i) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

ii) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन संपादित कर सकते हैं और अपनी फोटो या हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकते हैं.

**ग) परीक्षा के लिए आमंत्रण पत्र:**

उम्मीदवारों को दिसंबर 2020 के अंतिम सप्ताह में संभावित रूप से अपनी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके बैंक वेबसाइट https://nsdcindia.org/apprenticeship या https://apprenticeshipindia.org या http://bfsissc.com या https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers से काल लेटर और ''Acquaint Yourself Booklet'' को डाउनलोड करना चाहिए.

डाक द्वारा ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रण पत्र और अपने आपको परिचित बनाएँ पुस्तिका की कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी.

**डी) परीक्षा के समय प्रस्तुत किए जाने वाला पहचान पत्र:**

उम्मीदवारों को स्कूल या कॉलेज/राजपत्रित अधिकारी द्वारा मूल रूप से जारी किए गए विधिवत प्रमाणित फोटो/पहचान पत्र के साथ पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/बैंक पासबुक जैसा फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ–साथ उसकी स्व–प्रमाणित छायाप्रति लाना होगा. परीक्षा हॉल में निरीक्षकों को आमंत्रण पत्र के साथ पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें विफल रहने पर या उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**ई) कदाचार का दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरूद्ध कार्रवाई:**

(i) उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि उन्हें असत्य, बनावटी जाली विवरण नहीं प्रस्तुत करना चाहिए और उन्हें आवेदन पत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाना नहीं चाहिए.

(ii) परीक्षा के समय, यदि उम्मीदवार को दोषी पाया जाता है (पाया गया है): (i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों के उपयोग का या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करने का या (iv) चयन के लिए अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी भी अनियमित या अनुचित साधनों का सहारा लेने का या (v) किन्हीं भी अनुचित साधनों द्वारा अपनी उम्मीदवारी के लिए सहायता प्राप्त करने का, तो ऐसे उम्मीदवार के विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही. साथ ही मुकदमा चलाए जाने का उत्तरदायी बनाने के अतिरिक्त अग्रांकित के लिए भी उत्तरदायी होगा:

ए) परीक्षा से अपात्र घोषित किए जाना जिसके लिए वह उम्मीदवार है.

बी) बैंक द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी भी परीक्षा से, स्थाई रूप से या एक निर्दिष्ट अवधि के लिए वंचित किए जाने का.

(iii) बैंक द्वारा सदृश्यता के पैटर्न का पता लगाने के लिए परीक्षा में बैठे अन्य उम्मीदवारों के साथ उम्मीदवार के उत्तरों का विश्लेषण किया जाएगा. इस तरह के विश्लेषण के आधार पर, यदि यह पाया जाता है कि उत्तर साझा किए गए हैं और प्राप्तांक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो बैंक उनकी उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

(iv) मोबाइल फोन, पेजर, कैलकुलेटर या ऐसे किसी भी तरह के उपकरणों का उपयोग:

1) परिसर के अंदर जहाँ परीक्षा आयोजित की जा रही है, मोबाइल फोन, पेजर या किसी अन्य संचार उपकरण की अनुमति नहीं है. इन निर्देशों का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द की जाएगी और भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंध सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.

2) उम्मीदवारों को उनके अपने स्वयं के हित में परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन/पेजर सहित किसी भी प्रतिबंधित वस्तु को न लाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इसके सुरक्षित रख रखाव का आंश्वासन नहीं दिया जा सकता.

3) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलकुलेटर का उपयोग करने या रखने की अनुमति नहीं है.

**एफ) फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए दिशानिर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अनुलग्नक–I में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उम्मीदवारों को अपनी फोटो और हस्ताक्षर स्कैन (डिजिटल) करने की आवश्यकता होगी. जैसा कि निर्दिष्ट किया गया है, उम्मीदवार द्वारा फोटो और हस्ताक्षर अपलोड नहीं करने तक ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं किया जाएगा.

**ध्यान दें:**

i) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.

ii) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन संपादित कर सकते हैं और अपनी फोटो या हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकते हैं.

**एम) घोषणाएँ:**

इस प्रक्रिया से संबंधित सभी घोषणाएँ/शुद्धिपत्र समय–समय पर केवल वेबसाइट https://nsdcindia.org/apprenticeship या https://apprenticeshipindia.org या http://bfsissc.com या https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers पर प्रकाशित किए जाएंगे/उपलब्ध कराए जाएंगे.

**एन) दावा–परित्याग:**

यदि प्रशिक्षु इंगेजमेंट के किसी भी चरण पर यह पता चलता है कि उम्मीदवार द्वारा पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं किया गया है और/या कि उसने कोई गलत/मिथ्या जानकारी दी है या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को दबाया है, इस प्रक्रिया में अनुचित व्यवहार में संलिप्त रहा है, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी. यदि इंगेजमेंट के बाद भी इनमें से कोई भी त्रुटि का पता चलता है, तो उसका प्रशिक्षण समाप्त कर दिया जाएगा. पात्रता, लिखित परीक्षा, अन्य परीक्षाओं के संचालन और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. इस संबंध में बैंक द्वारा कोई अभ्यावेदन या पत्राचार स्वीरकार नहीं किया जाएगा.

**किसी भी रूप में अनुयाचन अपात्रता होगी**

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/ careers** पर उपलब्ध है.
बैंक मुद्रण त्रुटियों, यदि कोई है, के लिए जिम्मेदार नहीं है.
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.

**मुंबई – 400021**
**दिनांकित: 20.11.2020**

**महाप्रबंधक (सीआरपीडी)**

**फोटो (4.5 से.मी. x 3.5 से.मी.) और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश:**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपनी फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन की गई (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी.

**फोटो की इमेज:**

- फोटो हाल की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो होनी चाहिए.
- सुनिश्चित करें कि फोटो रंगीन व हल्के रंग की हो और जहाँ तक हो सके श्वेत पार्श्वभूमि में हो.
- स्वस्थ चित होकर कैमेरे की ओर सीधे देखें.
- यदि फोटो धूप में ली गई है, तो सूर्य आपके पीछे होना चाहिए, या अपने आप को छाया में रखें, जिससे आपका फोटो साफ आये.
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि लाल–आँख (रेड आई)न हो.
- यदि आप चश्मा पहनते हैं, तो सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब नहीं बन रहा है और आपकी आँखों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है.
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे स्वीकार्य नहीं हैं. धार्मिक पगड़ी की अनुमति है, लेकिन उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 x 230 पिक्सेल (वरीयत:)
- फ़ाइल का आकार 20-50 किलोबाइट के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 50 किलोबाइट से अधिक न हो. यदि फ़ाइल का आकार 50 किलोबाइट से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान, स्कैनर की सेटिंग्स समायोजित करें जैसे कि डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों की संख्या, आदि.

**हस्ताक्षर की छवि:**

- आवेदक को काली स्याही वाली कलम से श्वेत कागज पर हस्ताक्षर करना है.
- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए.
- हस्ताक्षर का उपयोग काल लेटर पर मुद्रित करने के लिए और जहाँ भी आवश्यक होगा, किया जाएगा.
- यदि परीक्षा के समय उपस्थिति पत्रक पर आवेदक का हस्ताक्षर बुलावा पत्र पर मुद्रित हस्ताक्षर से मेल नहीं खाएगा, तो आवेदक को अपात्र घोषित कर दिया जाएगा.
- आयाम 140 x 60 पिक्सेल (वरीयत:)
- फाइल का साइज 10 - 20 किलोबाइट के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 20 किलोबाइट से अधिक का न हो
- बड़े अक्षरों में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**फोटो और हस्ताक्षर की स्कैनिंग:**

- स्कैनर का रिज़ॉल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें
- रंग सत्य रंग पर सेट करें
- फ़ाइल का आकार उपर्युक्तानुसार होना चाहिए
- इमेज को फोटो/हस्ताक्षर के किनारे क्रॉप करें, फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है) में क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें.
- इमेज की फ़ाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप की होनी चाहिए. फ़ाइल के नाम का एक उदाहरण है: इमेज01.जेपीजी या इमेज01.जेपीईजी. फ़ोल्डर फ़ाइलों की लिस्टिंग करके या इमेज आइकन पर माउस को ले जाकर छवि के आयाम जाँच की जा सकती है.
- एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का उपयोग करने वाले उम्मीदवार आसानी से एमएस पेंट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके क्रमशः 50 किलोबाइट और 20 किलोबाइट से अधिक नहीं. जेपीईजी प्रारूप में फोटो और हस्ताक्षर प्राप्त कर सकते हैं. किसी भी प्रारूप में स्कैन की गई फोटो और हस्ताक्षर को फ़ाइल मेनू में 'सेव ऐज' विकल्प का उपयोग करके .जेपीईजी प्रारूप में सेव किया जा सकता है और 'छवि' मेनू में क्रॉप और रिसाइज विकल्प का उपयोग करके आकार 50 किलोबाइट (फोटो) और 20 किलोबाइट (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है और (पिक्सेल आकार के लिए ऊपर दिया गया बिंदु (i) और (ii) देखें). इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं.
- यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप निर्धारित प्रारूप के अनुसार नहीं है, तो त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा.
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय, उम्मीदवार को अपनी फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक प्रदान की जाएगी.

**फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने की प्रक्रिया**

- फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक होगा.
- संबंधित लिंक पर फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करें पर क्लिक करें.
- जहाँ स्कैन की गई फोटो/हस्ताक्षर सेव किया गया है, वह स्थान ब्राउज़ और सिलेक्ट करें.
- उस पर क्लिक करके फाइल को चुनें.
- 'ओपन/अपलोड' बटन पर क्लिक करें

ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/ हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/ सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/ सकती है. फोटो से चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.

**जब तक आप विनिर्देशानुसार अपनी फोटो और हस्ताक्षर अपलोड नहीं करेंगे, आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा.**

**ध्यान दें:**

(1) यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है. ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद, उम्मीदवारों को यह देख लेना चाहिए कि इमेज स्पष्ट हैं और ठीक से अपलोड हुआ है. यदि फोटो या हस्ताक्षर विशिष्टता से दिखाई नहीं दे रहे हैं, तो उम्मीदवार अपना आवेदन संपादित कर सकते हैं और आवेदन पत्र जमा करने से पहले अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड कर सकते हैं.

(2) ऑनलाइन पंजीकरण करने के बाद उम्मीदवारों को अपना सिस्टम निर्मित ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेना चाहिए.